भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग
**Indian Audit & Accounts Department**
क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान केंद्र, बेंगलूरु,
**Regional Capacity Building & Knowledge Centre, Bengaluru**

सं.क्षे.क्ष.नि.&ज्ञा.कें./बेंग./प्रशा./प्रतिनियुक्ति/2025-26/73 दिनांक:05-12-2025

सेवा में

**भा.ले. व ले.से. के सभी कार्यालयों को डाक सूची के अनुसार (cag-all-offices@lsmgr.nic.in)**

**विषय: क्षेत्रीय क्षमता निर्माण एवं ज्ञान केंद्र, बेंगलूरु में प्रतिनियुक्ति कार्य**

**महोदय/महोदया,**

1. क्षे.क्ष.नि. एवं ज्ञा.कें, बेंगलूरु बेंगलूरु और हुबली में स्थित भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग के नौ कार्यालयों की क्षमता निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करता है।

2. स.लेप.अ./ओआईओएस के एक पद, स.लेप.अ./प्रशा. के एक पद और वरिष्ठ लेखापरीक्षक के एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जो वर्तमान में क्षे.क्ष.नि. एवं ज्ञा.कें, बेंगलूरु में रिक्त हैं।

| क्र.सं. | पद | रिक्त पदों की संख्या | वांछित अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | स.लेप.अ./ओआईओएस | एक | 1. स.लेप.अ. के अनुरूप पद का धारण।<br>2. भा.ले. & ले.वि. में समग्र लेखा परीक्षा से संबंधित ओआईओ में कार्य ज्ञान।<br>3. कंप्यूटर में नियमित रूप से काम करने की दक्षता और इसका उपयोग करने में कुशलता आवश्यक है। |
| 2 | स.लेप.अ./प्रशा. (गैर-संकाय) | एक | 1. स.लेप.अ. के अनुरूप पद का धारण।<br>2. प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन। अच्छा वार्तालाप कौशल।<br>3. जेम पोर्टल के माध्यम से वास्तु एवं सेवाओं के क्रय का ज्ञान |
| 3 | वरिष्ठ लेखापरीक्षक | एक | 1. वरिष्ठ लेखापरीक्षक के अनिरूप पद का धारण<br>2. उचित आई.टी. कुशलता अर्थात् एम.एस. ऑफिस, एम.एस. एक्सेल, ई-ऑफिस का प्रयोग |

3. उपर्युक्त पदों के लिए क्षे.क्ष.नि. एवं ज्ञा.कें., बेंगलूरु में प्रतिनियुक्ति के लिए विचार किए जाने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी आवेदन पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत सत्यापित पिछले पांच वर्षो के लिए एपीएआर की प्रमाणित प्रतियां और ***अनुलग्नक I*** में निर्धारित प्रारूप में अपने बायोडाटा सहित दिनांक 31.12.2025 तक या उससे पूर्व उचित चैनल के माध्यम से क्षे.क्ष.नि. एवं ज्ञा.कें., बेंगलूरु को आवेदन अग्रेषित कर सकते हैं। एक प्रमाण पत्र भी, यह सूचित करने के लिए कि आवेदक के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/न्यायालय/सतर्कता मामला या तो लंबित नहीं है या विचाराधीन नहीं है, आवेदन के साथ अग्रेषित किया जाना चाहिए।

4. सफल उम्मीदवारों का निर्णय चयन समिति द्वारा किया जाएगा और सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार आवश्यक व्यावहारिक परीक्षा/व्यक्तिगत साक्षात्कार भी आयोजित किया जा सकता है।

5. पदों के लिए प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभ में तीन साल की अवधि के लिए होगी और तत्पश्चात वार्षिक आधार पर बढ़ाई जाएगी। क्षे.क्ष.नि. एवं ज्ञा.कें., हालांकि, तीन साल से पूर्व भी किसी भी समय प्रतिनियुक्ति पर एक अधिकारी को प्रत्यावर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

6. प्रतिनियुक्त अधिकारी/कर्मचारी समय-समय पर संशोधित डीओपीटी के सांगत अनुदेशों के अनुसार लागू प्रतिनियुक्ति भत्ता/प्रशिक्षण भत्ता के हकदार होंगे।

7. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा पद के लिए आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

8. इस परिपत्र का व्यापक प्रचार किया जा सकता है और मुख्यालय के स्टाफ स्कंध के दिनांक 27.01.2025 के परिपत्र संख्या: F.No.60-Staff (App.)-I/14-2023 तथा 14.02.2025 के F.No. 111-Staff (App.)-I/14-2023 की ओर ध्यान दिया जा सकता है।

9. सामान्य तौर पर भा.ले.&ले.से. में किसी भी पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए लागू सभी मौजूदा नियमों को इस अधिसूचना में शामिल करने के लिए लिया जाना है।

**यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।**

भवदीया,

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/प्रशासन**
**क्षे.क्ष.नि. एवं ज्ञा.कें., बेंगलूरु**

अनुबंध-I

प्रतिनियुक्ति पर जिसके लिए आवेदन प्रस्तुत किया जाना है-:........................................

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पूरा नाम | |
| 2 | कार्यालय जहाँ वर्तमान में तैनात है | |
| 3 | पदनाम | |
| 4 | मूल कार्यालय | |
| 5 | सरकारी सेवा में प्रवेश करने की तिथि | |
| 6 | भा.ले.प.&ले.वि. में प्रवेश करने की तिथि | |
| 7 | वर्तमान पद पर पदोन्नति की तिथि | |
| 8 | जन्म तिथि | |
| 9 | शैक्षणिक योग्यताएं | |
| 10 | पेशेवर योग्यता (सीआईएसए/सीआईएसएसपी/सीआईए/सीआईएसएम आदि) | |
| 11 | कंप्यूटर में प्रवीणता | |
| 12 | अतिरिक्त विशेषज्ञता/योग्यता, यदि कोई हो, | |
| 13 | प्रशिक्षण में अनुभव | |
| 14 | कार्यक्रम/कार्यशालाएं आयोजित करने का अनुभव | |
| 15 | ई-मेल पता | |
| 16 | दूरभाष सं. | |

17. रोज़गार का विवरण, कालक्रमानुसार (प्रतिनियुक्ति पद सहित)

| कार्यालय/ संस्थान | नियमित आधार पर धारित पद | कब से | कब तक | वेतन बैंड/वेतन मैट्रिक्स में मूल वेतन, ग्रेड वेतन | आवेदित पद से जुड़े हुए अनुभव पर प्रकाश डालते हुए कार्यो की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है तथा मुझे अच्छी तरह से पता है कि उक्त पद के लिए चयन करते समय मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव संबंधी दस्तावेज़ों द्वारा समर्थित जीवन-वृत में दी गई जानकारी का भी चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदत सूचना/विवरण मेरी सर्वोतम जानकारी के अनुसार सही व सत्य है तथा मेरे चयन पर प्रभाव डालने वाले किसी भी तथ्य को न छुपाया/रोका गया है।*

हस्ताक्षर:

दिनांक: